# चार वर्षीय स्नातक कार्यक्रम
# समाज कार्य स्नातक
## (बीएफएसडब्ल्यू)

# सत्रीय कार्य

## पाठ्यक्रम शीर्षक

**प्रथम सेमेस्टर**

बीएसडब्ल्यू–121: व्यावसायिक समाज कार्य और इसके मूल्य

**तृतीय सेमेस्टर**

बीएसडब्ल्यू–125: सामाजिक व्यैक्तिक कार्य और सामाजिक समूह कार्य

**चतुर्थ सेमेस्टर**

बीएसडब्ल्यू–124: मानव विकास, व्यवहार और परामर्श

**अध्ययन केंद्र में सत्रीय कार्य जमा कराने की अन्तिम तारीखः**
**जनवरी, 2025 सत्र–सितम्बर 30,2025**
**जुलाई, 2025 सत्र–मार्च 31,2026**

**नोटः कृपया उन पाठ्यक्रमों के लिए सत्रीय कार्य लिखें जो सेमेस्टर के अनुसार आपके लिए प्रासंगिक हों।**

ignou
THE PEOPLE'S UNIVERSITY

समाज कार्य विद्यापीठ
इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय
मैदान गढ़ी, नई दिल्ली–110 068

प्रिय शिक्षार्थी,

इन्दिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय (इग्नू) के बीएफएसडब्ल्यू कार्यक्रम में आपका स्वागत है। आपने समाज कार्य में स्नातक होने के लिए यह कार्यक्रम एक उद्देश्य के साथ चुना है ताकि आप हमारी मानवजाति की सामाजिक दशाएं सुधारने के लिए अपनी योग्यता प्रमाणित कर सकें। बीएफएसडब्ल्यू कार्यक्रम को सफलतापूर्वक पूरा करने के लिए, कृपया निम्नलिखित बातों का पालन करें:

- अपना अध्ययन आरंभ करने से पहले कार्यक्रम दर्शिका को पढ़िए। इससे इग्नू के बीएफएसडब्ल्यू अध्ययन करने के बारे में आपके अधिकतर संदेह दूर हो जाएंगे।
- आप अपने सत्रीय कार्य अपने अध्ययन केंद्र में समय पर जमा कराएं।
- अपने अध्ययन केंद्र और क्षेत्रीय केंद्र के संपर्क में रहें।
- परीक्षा फार्म समय पर भरें।

सत्रीय कार्य एक खुली किताब है और हम इग्नू में प्रत्येक पाठ्यक्रम के समग्र ग्रेड की गणना करते समय सत्रीय कार्यों के लिए 30%भारित देते हैं। **सत्रीय कार्य हस्तलिखित और स्वहस्ताक्षरित होने चाहिए**। सत्रीय कार्य–प्रतिक्रिया का एक अच्छा सेट तैयार करने के लिए आप उन सभी अध्यायों को पढ़े जिनमें से सवाल तैयार किए गए हैं। आप अपने सहकर्मी शैक्षिक परामर्शदाताओं और प्रोफेसरों के साथ चर्चा करे जिन्होंने आपको पढ़ाया है। मसौदा तैयार करें, उस पर आवश्यक सुधार करे और तब अंतिम संस्करण अध्ययन केंद्र में प्रस्तुत करने के लिए तैयार करें।

हर सवाल का जवाब देने के लिए नया पृष्ठ शुरू करें। लंबे और मध्यम जवाब देने के लिए यह सुनिश्चित करें कि इसमें एक परिचय है, मुख्य भाग के लिए एक उप–शीर्षक और एक निष्कर्ष हो। प्रत्येक अनुच्छेद के बीच एक लाईन छोड़ें। आपके जवाब विशिष्ट हों और आपके अपने शब्दों में हो यह किताब की नकल ना हो। आपके उत्तर इग्नू के पठन सामग्री पर आधारित हों। सत्रीय कार्य आपके सत्रांत परीक्षा की तैयारी है, इसलिए इसे गंभीरतापूर्वक लें।

कार्यक्रम संयोजक
**email:bswinfo@ignou.ac.in**
Ph: 011–29571698

# व्यावसायिक समाज कार्य और इसके मूल्य

## सत्रीय कार्य

**पाठ्यक्रम कोडःबीएसडब्ल्यू–121**
**कुल अंक – 100**

**नोट :**

(i) निम्नलिखित प्रश्नों में से किसी पाँच के उत्तर 500 शब्दों में दें।
(ii) सभी प्रश्नों के समान अंक हैं।

1. सामाजिक सुरक्षा क्या है? भारत में इसकी विशेषताओं एवं महत्व पर चर्चा करें। 20

2. यूरोप और उत्तरी अमेरिका में समाज कार्य शिक्षा के विकास और प्रक्षेपवक्र (trajectory)का पता लगाएं। 20

3. समाज कार्य की प्रकृति, वैज्ञानिक आधार और व्यावसायिक स्थिति की व्याख्या करें। 20

4 स्वैच्छिक कार्रवाई और पेशेवर समाज कार्य के बीच क्या अंतर है? स्वैच्छिक कार्रवाई और पेशेवर समाज कार्य की प्रासंगिकता पर चर्चा करें। 20

5. पेशेवर समाज कार्य में नैतिकता के महत्व का वर्णन करें। भारतीय संदर्भ में नैतिक निर्णय लेने में पेशेवर सामाजिक कार्यकर्ताओं द्वारा सामना की जाने वाली समस्याओं पर प्रकाश डालें। 20

6. 'सामाजिक कार्यों में मानवीय संबंधों को भी महत्वपूर्ण सामाजिक पूंजी माना जाता है।' इस कथन के आलोक में, सामाजिक कार्य अभ्यास में सामाजिक पूंजी के रूप में मानवीय संबंधों के महत्व पर चर्चा करें। 20

7. समाज कार्य मूल्य के रूप में व्यक्ति की गरिमा और मूल्य के अर्थ और महत्व को स्पष्ट करें। 20

8. संस्कृति क्या है? संस्कृति संवेदनशील समाज कार्य अभ्यास के महत्व और जटिलताओं की व्याख्या करें। 20

# सामाजिक व्यैक्तिक कार्य और सामाजिक समूह कार्य

## सत्रीय कार्य

**पाठ्यक्रम कोडःबीएसडब्ल्यू–125**
**कुल अंक – 100**

**नोट :**

(i) निम्नलिखित प्रश्नों में से किसी पाँच के उत्तर 500 में शब्दों दें।
(ii) सभी प्रश्नों के समान अंक हैं।

1. पश्चिम और भारत में वैयक्तिक कार्य के ऐतिहासिक विकास की व्याख्या करें। 20

2. सामाजिक कार्य समूह निर्माण के चरणों का वर्णन करें। 20

3. भारत में वैयक्तिक कार्य विकास के इतिहास में प्रमुख मील के पत्थर पर चर्चा करें। 20

4. उपयुक्त उदाहरणों के साथ समूह निर्माण चरणों में समूह कार्यकर्ता की भूमिका को विस्तार से बताएँ। 20

5. प्रभावी वैयक्तिक कार्य प्रक्रिया में व्यक्ति, समस्या, स्थान और प्रक्रिया की भूमिका का वर्णन करें। 20

6. उपयुक्त उदाहरणों के साथ समूह और उसकी विशेषताओं को परिभाषित करें। 20

7. 'समूह व्यक्तित्व विकास को प्रभावित करते हैं'। उपयुक्त उदाहरणों के साथ चर्चा करें। 20

8. नेतृत्व क्या है? एक सफल नेता के गुणों को सूचीबद्ध करें। 20

# मानव विकास, व्यवहार और परामर्श

**सत्रीय कार्य**

**पाठ्यक्रम कोड:बीएसडब्ल्यू–124**
**कुल अंक – 100**

नोट :

(i) निम्नलिखित प्रश्नों में से किसी पाँच के उत्तर 500 में शब्दों दें।
(ii) सभी प्रश्नों के समान अंक हैं।

1. किशोर और किशोरियों में होने वाले विभिन्न शारीरिक परिवर्तनों का वर्णन करें। 20

2. शिशु अवस्था के विभिन्न विकास कार्यों की सूची बनाएँ तथा शिशु अवस्था में शारीरिक, मोटर, बोलचाल, भावनात्मक, सामाजिक और खेल विकास का वर्णन करें। 20

3. बदलते समाज में युवाओं के सामने आने वाली चुनौतियों की व्याख्या करें। 20

4 समाज कार्य के अभ्यास के लिए व्यक्तित्व विकास के महत्व का वर्णन करें। 20

5. समाजीकरण की प्रक्रिया और व्यक्तित्व विकास में इसकी भूमिका का वर्णन करें। 20

6. अब्राहम मास्लो द्वारा प्रस्तावित व्यक्तित्व के मानवतावादी सिद्धांत की विस्तार से व्याख्या करें। 20

7. सीखने के मुख्य प्रकारों का वर्णन करें। सीखने को बढ़ावा देने और बाधित करने वाले कारकों की व्याख्या करें। 20

8. सामाजिक कार्यकर्ताओं के लिए सामाजिक मनोविज्ञान की प्रासंगिकता और महत्व की व्याख्या करें। 20